04032024-DTM-07_27DT02A.qxd 3/3/2024 10:40 PM Page 1

जजपा राष्ट्रीय-प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, डिप्टी सीएम दुष्यंत बोले-

चौ. देवीलाल, कांशीराम को भारत रत्न देने की करेंगे मांग

करनाल, 3 मार्च (हप्र)

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि पिछले सवा चार साल में जजपा गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के लिए चंडीगढ़ में आवाज बनी है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल की प्रेरणा से पार्टी आज मजबूत भी हो रही है और लोगों के काम भी कर रही है। वे रविवार को करनाल में जजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जजपा की राजनीतिक सलाहकार समिति और चार विशेष समितियां बनाने का फैसला लिया है। जजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई गई नयी समन्वय समिति को एनडीए नेतृत्व से एक सप्ताह में बातचीत कर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। पार्टी ने उम्मीदवारों के चयन और प्रचार के लिए भी कमेटियों का गठन किया। जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चुनावों की जोर-शोर से तैयारी करें और प्रदेश में जजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के लिए काम करें। अजय चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े दावे करने वाली कांग्रेस जैसी पार्टियों को आज बैसाखी की जरूरत पड़ गई है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जजपा के घोषणा पत्र का बड़ा वादा कुरुक्षेत्र में संत गुरु रविदास मंदिर बनाने को हरियाणा सरकार के बजट में शामिल किया गया है, इसके लिए पार्टी ने जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया और जल्द सरकार को भी धन्यवाद प्रस्ताव भेजा जाएगा। बैठक में वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन,

करनाल में रविवार को आयोजित जजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।-हप्र

चौधरी चरण सिंह सहित पांच महान हस्तियों को भारत रत्न देने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। वहीं स्वर्गीय जननायक चौधरी देवीलाल और कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग पत्र के जरिए केंद्र से की जाएगी। दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि लड़ेंगे, तभी तो जीतेंगे और चौधरी देवीलाल के विचारों को जिंदा रखेंगे।

बैठक में शोक प्रस्ताव पेश किया गया, जिस पर वरिष्ठ नेताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर महान विभूतियों, पार्टी से जुड़े नेताओं-कार्यकर्ताओं एवं उनके परिजनों के निधन तथा शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर जजपा विधायक, पूर्व विधायक, राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, हलका अध्यक्ष, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेशाध्यक्ष, प्रकोष्ठों की प्रदेश कार्यकारिणी, जिला संयोजक व हलका अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

'विभूतियों को भारत रत्न मिलना चाहिए'

जजपा प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों को 'मिशन दुष्यंत 2024' को कामयाब बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ केसी बांगड़ ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जजपा की मजबूती का एक ही संकल्प लेकर आज से ही जुट जाएं। राज्य मंत्री अनूप धानक ने चौ. देवीलाल और कांशीराम को भारत रत्न की मांग पर कहा कि ताउम्र इन दोनों महान विभूतियों ने गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के हित में काम किया है इसलिए केंद्र सरकार को इन्हें भारत से सम्मानित करना चाहिए।

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सुशील गुप्ता रिकॉर्ड मतों से करेंगे जीत हासिल : गज्जन गोबिंदपुरा

कहा: भाजपा ने झूठे वादे, जुमलेबाजी कर किया गुमराह

कैथल, 3 मार्च (हप्र)

आम आदमी पार्टी कैथल जिलाध्यक्ष सरदार गज्जन सिंह गोबिंदपुरा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात करती थी आज वहीं सरकार किसानों की कट्टर दुश्मन बन चुकी है। किसानों पर अत्याचार करने में भाजपा सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बर्बाद फसलों का मुआवजा तक नहीं मिल रहा है। किसान स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहा है। जिलाध्यक्ष हलके के कई गांवों में आम आदमी पार्टी की नीतियों का प्रचार करने के बाद नई अनाज मंडी ढांड में एक भेंटवार्ता में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता जनता के आशीर्वाद से रिकार्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करेंगे और विधानसभा चुनावों में आप पार्टी की सरकार बनेगी। जनता के हित पूरी तरह से आप पार्टी में ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि मंहगाई चरमसीमा पर है,

कैथल के ढांड में रविवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष स. गज्जन गोबिंदपुरा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।-हप्र

सरकार का मंहगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है, सरकार पूंजीपतियों को बढ़ावा दे रही है जबकि गरीब महंगाई में पिस रहा है। आज रसोई का बजट बिगड़ चुका है। महिलाओं को ज्यादा परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है जब तक लड़कियां घर नहीं लौट आती तब तक माता पिता चिंतित रहते हैं। अपराधियों के हौंसले बढ़ रहे हैं, कोई भी व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। भाजपा ने हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था। इस हिसाब से 20 करोड़ युवाओं को नौकरी मिलनी चाहिए थी पर सरकार नौकरी देने के बजाए पद ही खत्म करने में लगी हुई है। देश में बेरोजगारी चरम पर है, नौकरी के लिए युवा विदेशों की ओर रूख कर रहा है। गज्जन गोबिंदपुरा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सदा जनता से झूठे वायदे किए। भाजपा जुमलेबाजों से भरी हुई है, कहती ज्यादा है करती कुछ भी नहीं हैं।

खबर है...

स्वास्थ्य कैंप में 100 से अधिक लोगों की जांच

गुहला चीका में स्वास्थ्य कैंप में मुख्यातिथि पुरुषोतम दास गर्ग, डॉ. अंकित गर्ग व डॉ. अलिशा गर्ग को सम्मानित करते रोटरी क्लब के सदस्य। -निस

गुहला चीका (निस) : रविवार को रोटरी क्लब चीका द्वारा पहला फ्री मेडिकल जांच कैंप लगाया गया। अग्रवाल धर्मशाला चीका में लगाए गए इस कैंप में प्रमुख समाजसेवी पुरुषोतम दास गर्ग (रिटायर एसडीओ पंचायती राज) ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कैंप का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर रोटरी क्लब के प्रधान नरेश जैन, क्लब फाउंडर सदस्य संजीव बंसल उर्फ हैप्पी, उपाध्यक्ष पवन गर्ग, सचिव शीशपाल जिंदल, कोषाध्यक्ष डॉ. सतीश मित्तल सहित अन्य सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। क्लब के प्रधान नरेश जैन ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा जल्द ही क्षेत्र में मेडिकल किटें वितरित की जाएंगी। कैंप में मेदांता अस्पताल गुरुग्राम से आये डॉ. अंकित गर्ग व कलाउडनाइन अस्पताल गुरुग्राम से आई महिला डॉक्टर अलीशा गर्ग ने आए हुए लोगों के स्वास्थ की जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया। कैंप में सौ से अधिक व्यक्तियों की जांच की गई। इस मौके पर क्लब से सदस्य सुरेश सेठी, केवल जिंदल, सुनील शाह, डॉ. वीरेंद्र बंसल, डॉ. मनोज गांधी, केके आनंद, डॉ. दिवेन्द्र गर्ग, संजीव जिंदल, जीत सैनी आदि मौजूद रहे।

झूठी साबित हुई भाजपा सरकार : राकेश कांबोज

इन्द्री के गांव छाप्पर में रविवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते पूर्व विधायक राकेश कांबोज। -निस

इन्द्री (निस): कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक राकेश कांबोज ने कहा कि देश-प्रदेश के इतिहास में भाजपा सरकार सबसे झूठी सरकार साबित हुई है। भाजपा द्वारा किए गए वादे चुनावी जुमले साबित हुए। लोगों के खातों में 15-15 लाख डालने, विदेशों से काला धन वापिस लाने, हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने के सारे वादे आज भाजपा पूरी तरह भुला चुकी है। वे उपमंडल के गांव छाप्पर में घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर जिला प्रभारी लहरी सिंह, रतन सिंह कलरी, जसबीर सिंह राजेपुर, अशोक कांबोज, धनपत मोर, युवा कांग्रेस का प्रदेश सचिव यादवेन्द्र श्योराण, मनोज कांबोज खेड़ा सहित अनेक नेता मौजूद रहे। ग्राम सरपंच श्याम सिंह सहित ग्रामीणों ने कांग्रेस नेताओं का जोरदार स्वागत किया। राकेश कांबोज ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में मुख्य भूमिका निभाने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी झूठ नहीं बोला। पार्टी के संकल्प पत्र में दिए गए एक-एक वादे को सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों व सभी पात्र लोगों को छह हजार रूपये पेंशन दी जाएगी। एलपीजी गैस सिलेंडर पांच सौ रूपये का दिया जाएगा।

'एक घर को नशामुक्त करने का पुण्य यज्ञ के समान'

जगाधरी (निस) : रविवार को भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पचंज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में प्राचीन शिव मन्दिर भटली में मां दुर्गा जी की महाआरती का आयोजन किया। मंच संचालन बलबीर कुंजल ने किया। आयोजन की समापन की बेला पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप कलेसर ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हम एक ऋषि के सान्निध्य में युग परिवर्तन की यात्रा तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरूवर श्री का कथन है कि यदि आपने एक व्यक्ति को नशामुक्त बना दिया, एक घर को भी नशामुक्त कर दिया तो आपने एक यज्ञ का फल प्राप्त कर लिया। भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र मेहता ने कहा कि परिवार में सुख-समृद्धि तभी आ सकती है जब नशे मांसाहार मुक्त चरित्रवानों का जीवन जीएंगे। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष कृष्ण त्यागी, पुरुषोत्तम शर्मा, जोगिन्द्र काम्बोज, राजेन्द्र भटली, डाक्टर नितेश चोपड़ा, जोहरी लाल ,मुकेश कुमार ,हरपाल राठी, अमर सिंह, गुरमेज सैनी, सुभाष गुप्ता, गगन, कपिल काम्बोज आदि भी मौजूद रहे।

'जहर मुक्त खाद्य पदार्थों का विकल्प साझा बाजार'

घरौंडा (निस) : हरियाणा विज्ञान मंच जिला करनाल की टीम ने हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन करनाल की ओर से स्थापित सांझा बाजार का भ्रमण किया। टीम के सदस्यों डॉ राजेंद्र सिंह व सुरेंद्र कुमार बसताड़ा ने सभी 10 बूथों का अवलोकन किया तथा बूथ को चलाने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से उनके द्वारा तैयार उत्पाद के बारे में विस्तृत बातचीत की। गांव अमृतपुर कला स्वयं सहायता समूह की प्रधान सुविधा ने डेरी उत्पाद का स्टॉल लगाया है। उनका कहना है की वह करनाल के सेक्टरों में दूध सप्लाई के वेंडर का कार्य करती थी। हरियाणा विज्ञान मंच के परामर्श से उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल के द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिषद के स्थापना दिवस पर दूध के उत्पाद की प्रदर्शनी लगाने का अवसर मिला। अब हमें अपने डेयरी उत्पाद बेचने का बहुत अच्छा स्थान मिला है। गांव कुंजपुरा स्वयं सहायता समूह की कोषाध्यक्ष दीपा देवी ने सब्जी व फलों का स्टॉल लगाया हुआ है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर सब्जी गांव में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्राप्त करके यहां स्टॉल पर लगाई जाती है।

दूसरी शादी की तो बेटे व भतीजे ने पीटकर कर दी हत्या

बरवाला, 3 मार्च (निस)

पिता द्वारा दूसरी शादी करने से गुस्साए बेटे ने लाठियों से पीट कर पिता की हत्या कर दी। यह घटना बालक गांव की है। इस घटना को बेटे ने अपने चाचा के लड़के के साथ मिलकर अंजाम दिया। मृतक कृष्ण एक दिन पूर्व 2 मार्च को गांधीनगर फिरोजपुर निवासी मनप्रीत कौर से शादी करके उसे अपने घर ले आया था। कृष्ण की पहली पत्नी सावित्री की मौत 10 वर्ष पहले हो चुकी थी।

घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक कृष्ण के छोटे भाई पवन के बयान पर कृष्ण के बेटे विक्की व भतीजे बिटटू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पवन ने पुलिस को दर्ज कराए अभियोग में बताया कि उसका बड़ा भाई कृष्ण जिसकी पत्नी सावित्री की मृत्यु 10 साल पहले हो गई थी। वह स्कूल में चपरासी लगी हुई थी। उसकी पेंशन कृष्ण को मिलती थी। कृष्ण का बेटा विक्की शादीशुदा है तथा वह अपने पिता से अलग रहता था। 2 मार्च को उसका भाई पंजाब के फिरोजपुर से मनप्रीत कौर से शादी करके उसे अपने घर ले आया था। इसका पता जब कृष्ण के बेटे विक्की को लगा तो उसने घर से परचून का सामान दुकान से लाने के लिए गए उसके भाई कृष्ण को रास्ते में घेर लिया। उसके साथ भतीजा बिटटू पुत्र सुरेश भी था। उन्होंने लाठियों से उस पर यह कहते हुए हमला कर दिया कि तुमने यह शादी क्यों की।

पवन के अनुसार उसने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उसे धक्का देकर गिरा दिया। कृष्ण को सिर में लगी चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। पवन का आरोप है कि कृष्ण द्वारा दूसरी शादी करने की वजह से रंजिश के चलते कृष्ण के बेटे विक्की व भतीजे बिटटू ने लाठियों से पीट कर उसकी हत्या की है। बरवाला थाना प्रभारी इंस्पैक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के शव का हिसार के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। दोनों आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ढाबे पर युवक की हत्या 2 आरोपी गिरफ्तार

समालखा (निस): थाना समालखा पुलिस ने करहंस गांव के पास स्थित ढ़ाबे पर युवक की पीट पीटकर हत्या करने के मामले में और दो आरोपियों को पानीपत अनाज मंडी से गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपियों की पहचान मनीष व अजय निवासी करहंस के रूप में हुई। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने 5 साथी आरोपियों के अतिरिक्त एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को रविवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने व फरार इनके अन्य साथियों के ठिकानों का पता लगाकर पकड़ने का प्रयास करेंगी।

सराहनीय सेवाओं के लिए गुरदीप सैनी को किया सम्मानित

सिरसा, 3 मार्च (हप्र)

स्कूल कैडर लेक्चरार एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) के प्रदेशाध्यक्ष व राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता गुरदीप सैनी की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक संगठनों व राजनीतिज्ञों ने सम्मानित किया। आढ़ती एसोएशिन सिरसा से प्रधान मनोहर लाल मेहता, युवा नेता गोकुल सेतिया, डेरा बाबा सरसाईनाथ गद्दीनशीन बाबा सुंदराई नाथ, भीमराव अंबेडकर सभा में आत्म प्रकाश मेहरा पूर्व संयुक्त निदेशक के साथ सलाह संगठन की सभी 22 जिला कार्यकारिणी व प्रदेश कार्यकारिणी की तरफ से सम्मानित किया गया।

उद्योग व्यापार मंडल ने मोहल्ला सभा में जानी समस्याएं

जगाधरी, 3 मार्च (निस)

बीती शाम जगाधरी के वार्ड नंबर 4 की विजय कॉलोनी में श्रमिक मंडल के सचिव श्याम नारायण ने एक मोहल्ला सभा का आयोजन किया। जिसमें उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से भाग लिया। उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र मित्तल को कॉलोनी के श्याम नारायण, गालिब, सचिन कुमार, पवन, संजय, बिट्टू, सोनू, राजू अशोक, आलम अली, शबाना, सुरेश कुमार, खुर्शीद, इतंजार मोहम्मद आदि ने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स और डवेलपमेंट चार्ज के नाम पर लाखों रूपये वसूलने के बाद भी निगम यहां पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा रहा है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि कॉलोनी के बाहर ही निगम के टिप्पर चालक कचरा उठाने नहीं आते। रीमा देवी, राजबरी आदि ने बताया कि हम गन्दा पानी पीने को मजबूर हैं। वार्ड में एक भी सरकारी डिस्पेंसरी नहीं है। महेन्द्र मित्तल ने कहा कि मोहल्ला सभा के तहत जिले के सभी वार्डों में लोगों से मिल कर समस्याएं समझी जा रही हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, संजय कुमार मित्तल, संदीप गांधी, कारपेन्टर अध्यक्ष कमल धीमान, महेश पासी, विपिन गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

विकसित भारत के लिए स्टार्टअप इंड़िया अहम कड़ी : कुलपति

कुरुक्षेत्र, 3 मार्च (हप्र)

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में स्टार्टअप इंड़िया, उद्यमिता एवं नवाचार एक अहम कड़ी है जिसके माध्यम से 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना अवश्य साकार होगी। कुलपति ने ये विचार केयू यूआईईटी संस्थान में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित नए प्रोजेक्ट कार्यशाला के निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि केयू विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसी उद्देश्य से यूआईईटी संस्थान में दो इंक्यूबेशन सेंटर भी बनाए गए है।

उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित बहु आयामी सब्जी ट्रांस प्लाटर, लीथियम आयन बैटरी से संचालित वेस्ट यूज का प्रयोग करके 1998 मॉडल की मारुति कार व वेस्ट मैटेरियल द्वारा निर्मित दुपहिया वाहन का भी निरीक्षण करते हुए संस्थान के निदेशक, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा पेटेंट पंजीकृत करने की बात भी कही। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने विद्यार्थियों के कौशल एवं प्रोजेक्ट गुणवत्ता की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि कुवि कुलपति के मार्गदर्शन में संस्थान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

कुलपति ने वेस्ट मटेरियल से तैयार दो पहिये वाली व्हीकल बैटरी से संचालित स्कूटी व मोटरसाइकिल को चलाया तथा विद्यार्थियों की प्रशंसा की।

जलभराव से बेहाल हुआ ढाकल गांव, गलियां जलमग्न

नरवाना में रविवार को जलभराव से नाराज गांव ढाकल के लोग नारेबाजी करते हुए ।-निस

नरवाना, 3 मार्च (निस)

सरकार ग्रामीण इलाकों में विकास का जितना भी दावा कर ले, लेकिन ऐसा लगता है कि विकास सीमांचल के इन इलाकों से अभी भी कोसों दूर है। ढाकल गांव में बारिश के पानी की निकासी न होने से रविवार को गांव में गलियां जलमग्न हो गईं। गलियों से घरों तक पानी भर गया। ग्रामीणों ने परेशानी के चलते प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। गांव के नजदीक बना तालाब भी रविवार और शनिवार को हुई बारिश के पानी से भर गया जिसके बाद पानी घरों में घुसना शुरु हो गया। ग्रामीण रामकरण भोला, रामकला, सियाराम, नसीब, किताबा, राजीव कुंडू ,मास्टर अंग्रेज़, धीरा प्रधान, किताब सिंह कुंडू, सुरेश आदि ने कहा कि जब तक प्रशासन नहीं चाहेगा, तब तक इस समस्या से गांव के लोगों को निजात नहीं मिलेगी। रोहतास श्योकंद, ढाकल के अनुसार अभी से ही यह स्थिति है तो बरसात में का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। कुलबीर,पूर्व सरपंच ढाकल ने बताया कि 40 से 50 वर्ष से इस तालाब का पानी पास वाली गली से होकर बड़े तालाब में चला जाता था लेकिन गली ऊंची उठा दी गई जिससे पानी की निकासी बंद हो गई। अधिकारी व सरपंच समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं है।

Form No. 3 [See Regulation-15 (1) (a)]/16 (3)

ऋण वसूली अधिकरण, चंडीगढ़ (DRT 2)
एससीओ 33-34-35, प्रथम तल, सेक्टर 17-ए, चंडीगढ़
(तृतीय एवं चतुर्थ तल पर अतिरिक्त स्थान भी अलाट)

ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) रूल्ज़, 1993 के रूल 5 के उप-रूल (2 ए) की सहपठित धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन

Exh. No. 21529 **प्रकाशन** **केस ओए नं. 51/2020**

एचडीएफसी बैंक बनाम भोमिया बटन प्राई. लिमि.

1. भोमिया बटन प्राई. लिमि. मार्फत इसके निदेशक श्री संदीप जैन 43, केएम स्टोन शिव उद्योग विहार अस्सौधा बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124103
2. संदीप जैन (सह-कर्जदार) पुत्र डिप्टी कुमार जैन निवासी 48/52, पंजाबी बाग वैस्ट, एनआर एक्सिस बैंक नई दिल्ली-110026

यतः OA/51/2020 को माननीय सभापति/रजिस्ट्रार के समक्ष 15.12.2023 के लिए लिस्टिड किया गया।

यतः इस माननीय अधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 19(4) के तहत उक्त आवेदन पर नोटिस/सम्मन जारी किया जा रहा है। रु. 38,36,216/- के ऋणों की वसूली हेतु आपके प्रति (ओए) दर्ज किया गया है (दस्तावेजों आदि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अनुरूप आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देश दिए जाते हैं :-

(i) सम्मन की तामील होने के 30 दिनों के भीतर कारण बताओ कि क्यों आवेदित राहत हेतु ग्रांट न दी जाए;
(ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3 ए के तहत आवेदक द्वारा निर्दिष्ट परिसम्पत्तियों तथा प्रॉपर्टियों के अतिरिक्त परिसम्पत्तियों या प्रॉपर्टियों का विवरण बताने के लिए;
(iii) आपको प्रॉपर्टियों की अटेचमेंट के लिए आवेदन की डिस्पोजल तथा लम्बित सुनवाई, मूल आवेदन के क्रमांक 3 ए के तहत बताई गई परिसम्पत्तियों तथा प्रॉपर्टियों या सुरक्षित परिसम्पत्तियों को डिस्पोज ऑफ करने या उसका लेन-देन करने से रोका जाता है।
(iv) ट्रिब्यूनल से पूर्व अनुमति लिए बिना मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत निर्दिष्ट या प्रदर्शित अन्य परिसम्पत्तियों तथा प्रॉपर्टियों तथा/या सिक्योरिटी इंट्रस्ट वाली किसी भी सम्बद्ध परिसम्पत्ति पर बिजनेस की साधारण प्रक्रिया को छोड़कर सेल, लीज या किसी अन्य विधि से हस्तांतरण करने पर आप पर प्रतिबंध रहेगा।
(v) आप को बिजनेस की साधारण प्रक्रिया के परिपालन में सुरक्षित परिसम्पत्तियों या अन्य परिसम्पत्तियों एवं प्रॉपर्टियों की बिक्री के माध्यम से बिक्री राशि प्राप्त करने के बाद उक्त परिसम्पत्तियों के संबंध में सिक्योरिटी इंट्रस्ट रखने वाले वित्तीय संस्थानों या बैंक द्वारा मेन्टेन किए गए खाते में प्राप्त बिक्री राशि को जमा करवाना होगा।

आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आवेदक को एक प्रति जमा करवाने सहित लिखित स्टेटमेंट दर्ज करवायी जाए तथा 02.04.2024 को पूर्वा. **10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष पेश हों अन्यथा आप की अनुपस्थिति में आवेदन पर सुनवायी करके निर्णय ले लिया जाएगा।

आज दिनांक 28.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर व ट्रिब्यूनल के मुद्रांक के तहत जारी।

DI-32868 **हस्ता./- सम्मन जारी करने वाले अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर।**

TATA

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पैनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोवर परेल, मुम्बई-400013.
शाखा कार्यालय : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड, एससीओ-20, दूसरी मंजिल, सेक्टर-26-ए, चंडीगढ़-160012

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के साथ पढ़े जाने वाले नियम 8(6) के तहत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतीकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना।

एतद्द्वारा सर्व सामान्य और विशेषकर अधोलिखित कर्जदार और/सह-कर्जदार या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि. (टीसीएचएफएल), को बंधक अधोलिखित अचल संपत्ति, जिसका टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया, अधोलिखित कर्जदार और सह-कर्जदार से कुल बकाया राशि की वसूली के लिए 'जो है जहां है' और 'जहां है, जैसा भी है' और 'जो भी है' आधार पर दिनांक **20.03.2024** को बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्न वर्णित है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के किसी स्थगन/ बाधा के अभाव में उक्त संपत्ति ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक **20.03.2024 को अपराह्न 2 बजे** बिक्री की जायेगी। संपत्ति खरीद के लिए मुहरबंद ई-नीलामी हेतु ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक **19.03.2024 को समय अपराह्न 5 बजे** तक शाखा कार्यालय : **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,** एससीओ-20, दूसरी मंजिल, सेक्टर-26 ए, चंडीगढ़-160012 प्राप्त किए जायेंगे। प्रत्याभूत संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री 'जैसी है जहां है शर्त' निम्न अनुसूची में उल्लिखित संक्षेप विवरणों के अनुसार होगी।

क्रं.	ऋण खाता क्रं.	ऋणी/सह-ऋणी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि/जमानतदारों के नाम	मांग सूचना के अनुसार राशि	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि	कब्जे की किस्म
1.	TCHH F0352 000100 117455	श्री दविन्दर कुमार पुत्र श्री रमेश कुमार श्रीमती लाजवंती गाबा उर्फ लाजवंती पत्नी श्री रमेश कुमार	रु. 16,72,463/- (रुपये सोलह लाख बहत्तर हजार चार सौ तिरसठ केवल) 21.02.2023	रु. 17,70,000/- (रुपये सत्रह लाख सत्तर हजार केवल)	रु. 1,77,000/- (रुपये एक लाख सतहत्तर हजार केवल)	भौतिक

अचल प्रॉपर्टी का विवरण : रिहायशी प्लाट नं. 69 (30'x66'), माप 7.33 मरला के सभी हिस्से अर्थात् 220 वर्ग गज, कुल एरिया माप 170 कनाल-02 मरला का 22/10206 हिस्सा, खेवट नं. 165, किते-33 में शामिल, जमाबंदी वित्तीय वर्ष 2007-2008 के अनुसार, निसिंग, जिला करनाल (हरियाणा) में स्थित, बिक्री डीड में दर्शाई सभी कामन सुख-सुविधाओं सहित, सीमाएं हैं : पूर्व : विक्रेता, पश्चिम : रास्ता, उत्तर : खरीददार, दक्षिण : विक्रेता।

नीलामी में, सर्वसामान्य जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली (ओं) प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। एतद्द्वारा कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदार (रों) को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से **15 दिनों** के भीतर भविष्य के ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए अंतिम मौका दिया जाता है, ऐसा न होने पर अचल संपत्तियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बेचा जाएगा। यदि उपरोक्त बकाया राशि, ब्याज व लागतें (बिक्री की लागत सहित) 'प्राधिकृत अधिकारी' के पास जमा करा दी जाती है या उसे प्रमाण देकर यह संतुष्ट कराया जाता है कि ऐसे प्रत्याभूत ऋण, ब्याज व लागत को चुकता कर दिया गया है, तो बिक्री रोक दी जायेगी।

इस बिक्री में संलग्न कोई भी अधिकारी या व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो बोली कर सकता है और न ही उक्त बेची गई संपत्ति में कोई हित अधिगृहीत कर सकता है या ऐसा करने का प्रयास नहीं कर सकता है। बिक्री बताई गई शर्तों के अनुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निम्नलिखित निर्धारित शर्तों के तहत होगी।

ई-नीलामी पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से दिनांक 20.03.2024 को अपराह्न 2.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे के बीच प्रत्येक 10 मिनट अवधि के असीमित विस्तार के साथ होगी।

नियम और शर्तें :

(1) अनुसूची में दिया विवरण अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया है, किंतु इस उद्घोषणा संबंधी किसी त्रुटि, गलती या चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी जवाबदेह नहीं होगा। बोली राशि या निविदाकार संबंधी किसी विवाद की स्थिति में अचल संपत्ति को दोबारा नीलामी के लिए रखा जायेगा (2) संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। (3) बोली वृद्धि राशिः रु. 10,000/- (दस हजार मात्र) (4) संपत्ति की खरीद के लिए सभी निविदाएं 'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में और उपरोक्त शाखाओं में देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा की जाएं। असफल निविदाकारों के डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जायेंगे। **आरटीजीएस/ एनईएफटी / आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी** के भुगतान के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। (5) उच्चतम बोलीकार को संबंधित लॉट का खरीदार घोषित किया जायेगा, बशर्ते वह विधिक रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा जब उसे लगे कि पेशकश मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त है। (6) उपलब्ध कारणों से 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से बिक्री को स्थगित / रोकने का अधिकार होगा। (7) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **12.03.2024** को पूर्वाह्न **11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे** तक किया जा सकेगा। (8) खरीददार घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तुरंत बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि, जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी, प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के अंदर जमा करनी होगी, यह राशि जमा न किए जाने की स्थिति में संपत्ति नई नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। (9) उपरोक्त अनुसार प्रारंभिक राशि जमा कर दिए जाने पर क्रय राशि की शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि होने की तारीख से 15 दिनों तक खरीदार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को जमा करनी होगी, यदि 15वें दिन कोई रविवार या अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्य दिवस को जमा करनी होगी। (10) उपरोक्तानुसार भुगतान न होने पर संपत्ति नई नीलामी / निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। सभी जमा राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जब्त हो जायेगी और चूककर्ता खरीदार संपत्ति पर अपने सभी दावे खो देगा। (11) टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. को ज्ञात ऋणभारों, जिनके लिए संपत्ति देनदार है, का विवरण- कोई नहीं। उपरोक्त अनुसूची के विवरण अनुसार इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वहां के संपत्ति कर, बिजली आदि के सांविधिक देनदारियों क्षेत्रों सहित संपत्ति पर ऋण भार के बारे में स्वयं जांच करें। (12) अन्य किसी विवरण अथवा संभावी निविदाकार को ई-नीलामी पर प्रक्रिया आनलाइन प्रशिक्षण के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता M/s. 4Closure, Block No. 605 A, 6th Floor, Maitrivanam Commercial Complex, Ameerpet, Hyderabad - 500038 through its coordinators Mr Arijit Kumar Das, 8142000725, 8142000066, 8142000062 Email : arijit@bankauctions.in and Email : info@bankauctions.in or Manish Bansal, Email id Manish.Bansal@tatacapital.com Authorised Officer Mobile No 8588983696. कृपया अपने प्रश्न व्हाट्सएप नंबर **9999078669** पर भेजें। (13) उच्चतम घोषित बोली राशि पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा 1% का टीडीएस लागू और देय होगा। भुगतान उच्चतम बोलीदाता द्वारा मालिक / उधारकर्ता (ओं) के पैन में जमा करना आवश्यक है और चालान की प्रति हमारी कंपनी को प्रस्तुत की जाएगी। (14) उपरोक्त विवरणों के लिए कृपया प्रदान की गई प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट **http://surl.li/qytny** का संदर्भ लें। (15) कृपया लिंक **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html** पर भी जाएं। **कृपया ध्यान दें :** टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री / नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल / एजेंट को नहीं लगाया है। इच्छुक पक्षों को इस मामले में सभी प्रश्नों और जांच के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

स्थानः करनाल **हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)**
दिनांक : 04.03.2024 DI-32746 **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमि.।**